**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 188 /02/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2024-25/09-परीक्षा/2023**

लखनऊ : दिनांक : 06 नवम्बर, 2025

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-09-परीक्षा/2023, आशुलिपिक मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2022)/08 के अंतर्गत विभिन्न विभागों के नियंत्रणाधीन आशुलिपिक के कुल रिक्त 333 {275 (सामान्य चयन) + 58 (विशेष चयन)} पदों पर चयन हेतु मुख्य परीक्षा दिनांक 16-11-2025 को अपराह्न 03:00 बजे से 05:00 बजे तक लखनऊ जनपद में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

तदनुक्रम में प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मुख्य परीक्षा हेतु जनपद की जानकारी के लिए **परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना** सम्बन्धी विवरण आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर जारी कर दिया गया है। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के होमपेज पर उपलब्ध Examination सेगमेंट के अंतर्गत सम्बन्धित विकल्प पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना देख सकते हैं व उसे डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना डाउनलोड करने सम्बन्धी यह सुविधा आयोग के अधिकृत मोबाइल एप पर भी उपलब्ध है।

**अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वह मुख्य परीक्षा हेतु निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त ही परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना देख सकेंगे। अतः अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वह परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना देखने से पूर्व मुख्य परीक्षा हेतु निर्धारित शुल्क का भुगतान अवश्य कर लें।**

अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि **यह मुख्य परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र नहीं है**। प्रवेश पत्र जारी करने के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को पृथक से वेबसाइट के माध्यम से यथासमय सूचित किया जाएगा। **मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थी को वैध प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य है।**

**महत्वपूर्ण नोट- मुख्य परीक्षा हेतु निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त ही अभ्यर्थी परीक्षा जनपद की अग्रिम सूचना व प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।**

06.11.2025
(परीक्षा नियंत्रक)
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।